# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (02.06.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 02.06.2025, PAGE-04

# अगस्त से दिसंबर तक होगी डिस्टेंस की परीक्षा

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय की परीक्षाएं अगस्त महीने से शुरू होंगी और दिसंबर तक चलेंगी। इसकी जानकारी दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के नोडल अफसर प्रो. सतीश कुमार राय ने दी। बीआरएबीयू के डिस्टेंस में 82 परीक्षाएं लंबित हैं।

अभी पहले बीलिस की परीक्षा होनी है। इन 82 परीक्षाओं में 12 हजार परीक्षार्थियों को शामिल होना है। वर्ष 2013 से ही यह परीक्षाएं लंबित हैं। प्रो. सतीश कुमार राय ने बताया कि परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां हो रहीं हैं। दिसंबर तक परीक्षा खत्म होने के बाद जनवरी से कॉपियों का मूल्यांकन किया जायेगा। 12 हजार छात्रों की लगभग चार से पांच लाख कॉपियों का मूल्यांकन किया जायेगा। बिहार विवि के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय की यह अंतिम परीक्षा होगी।

मान्यता नहीं होने से बीआरएबीयू का दूरस्थ शिक्षा निदेशालय अभी बंद है। इसमें दाखिला नहीं हो रही है। दूरस्थ शिक्षा निदेशलय की लंबित परीक्षाओं को लेकर कई बार बीआरबीयू में छात्रों ने आंदोलन किया। सबसे ज्यादा आंदोलन बीएड की परीक्षा और रिजल्ट को लेकर हुआ था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:02.06.2025, PAGE-04



बीआरएबीयू में संगोष्ठी का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय।

# ‘ऑपरेशन सिंदूर पुरुषार्थ का प्रतीक’

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में रविवार को ऑपरेशन सिंदूर भारतीय पुरुषार्थ के प्रतिस्थापन का उपक्रम विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने की। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के मन के अनुकूल काम किया है। यह ऑपरेशन पुरुषार्थ के पुनर्स्थापन का उपक्रम है। भारत दुश्मनों को ढूंढेगा और नष्ट करेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

# DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
# DATE:02.06.2025, PAGE-02

## अगले सप्ताह तक जारी होगा स्नातक थर्ड सेमेस्टर का रिजल्ट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक थर्ड सेमेस्टर का रिजल्ट अगले सप्ताह तक जारी हो जाएगा। कापियों का मूल्यांकन कार्य सोमवार को पूरा हो गया है। आर्ट्स विषयों का मूल्यांकन समाप्त होने के साथ ही केंद्र से सभी कापियों को स्टोर भेजा गया है। अब इसकी डिकोडिंग से लेकर टैबुलेशन समेत अन्य प्रक्रियाएं पूरी होंगी। स्नातक सत्र 2023-27 के तहत स्नातक में नामांकित छात्र-छात्राएं परीक्षा के बाद रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे।

सत्र 2024-28 में नामांकित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा परिणाम पिछले महीने ही जारी किया गया है। गर्मी छुट्टी से पहले ही कालेजों में अगले सेमेस्टर के लिए नामांकन से लेकर अन्य प्रक्रिया पूरी की गई है। अब सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा की प्रक्रिया आने वाले दिनों में शुरू की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि स्नातक थर्ड सेमेस्टर का रिजल्ट अगले सप्ताह तक जारी कर दिया जाएगा।

सेमेस्टर सिस्टम में कोर्स संचालन से बढ़ी चुनौती : वर्ष 2023 से ही स्नातक कोर्स का संचालन सेमेस्टर सिस्टम में हो रहा है। इसके तहत एक वर्ष में दो सेमेस्टर की परीक्षा होती है। हर छह महीने पर परीक्षा होनी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:02.06.2025, PAGE-04**

# ऑपरेशन सिंदूर भारतीय पुरुषार्थ के प्रतिस्थापन का उपक्रम

- विश्वविद्यालय के सीनेट सभागार में संगोष्ठी का किया आयोजन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

चेतना प्रज्ञा प्रवाह की ओर से बीआरएबीयू के सीनेट सभागार में ऑपरेशन सिंदूर : भारतीय पुरुषार्थ के प्रतिस्थापन का उपक्रम विषय पर संवाद गोष्ठी हुई. अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने की. कहा कि भारत ने पहली बार अपने मन का किया है. यह सचमुच पुरुषार्थ के प्रतिस्थापन का उपक्रम है. कहा कि भारत अब डोजियर व प्रमाण के दस्तावेज नहीं सौंपेगा. अमेरिका व इजरायल के बाद भारत पहला देश है जो अपने दुश्मन को ढूंढेगा, पहचानेगा और नष्ट करेगा.

**जनता अब भी अपेक्षा रख रही** :साइंस के डीन डॉ शिवानंद सिंह ने कहा कि भारत ने पॉज का बटन जल्दी दबा दिया. जनता अब भी अपेक्षा रख रही है. मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो रजनीश गुप्ता ने कविता के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर की व्याख्या की. एनएसएस की समन्वयक डॉ अनुराधा पाठक ने सरकार के प्रयास की सराहना की. अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष नीरज नयन ने ऑपरेशन पर चर्चा की. कार्यक्रम का संचालन विजय शाही व धन्यवाद ज्ञापन स्काउट एंड गाइड के सभापति उदय शंकर प्रसाद सिंह ने किया.

## ऑपरेशन सिंदूर थोड़ा और चलना चाहिए था

चंद्रमोहन खन्ना चन्नी ने भारत के मन में हुए परिवर्तन, सोच में आयी आक्रमकता व सरकार के निर्णय क्षमता पर संतोष व्यक्त किया. पुस्तकालय अध्यक्ष कौशल किशोर चौधरी ने कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों का स्वागत किया. बीएन मंडल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विपिन राय ने भारत के इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि ऑपरेशन थोड़ा और चलना चाहिए था.



चेतना प्रज्ञा प्रवाह की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE:02.06.2025, PAGE-04**


## विवि. 1.30 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में हुए हैं शामिल

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा, रिजल्ट जल्द

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से स्नातक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है. उर्दू व पर्सियन की कुछ कॉपियों का मूल्यांकन बचा है. यह भी सोमवार को पूरा हो जायेगा. साइंस और कॉमर्स की कॉपियों की जांच पहले ही पूरी हो चुकी है. ऐसे में कॉपियों की स्कैनिंग व टेबुलेशन का कार्य शुरू हो गया है. उम्मीद है कि 15 जून से पूर्व इसका रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा. पेंडिंग की समस्या कम से कम हो, इसको लेकर विवि की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

**15 से पूर्व परिणाम जारी** :बताया गया है कि 15 से पूर्व परिणाम जारी कर दिया जायेगा. इस दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है. कॉलेजों की ओर से इ-मेल पर प्रायोगिक परीक्षा व इंटरनल का अंक भेजा गया है. इसका मिलान किया जा रहा है. जिन कॉलेजों ने अबतक प्रायोगिक परीक्षा व इंटरनल का अंक नहीं भेजा है. उन्हें कहा गया है कि वे शीघ्र अंक विवि को उपलब्ध करा दें. अंक नहीं उपलब्ध कराने की स्थिति में उनके कॉलेज को छोड़कर शेष का रिजल्ट जारी किया जायेगा. इसके लिए वे स्वयं दोषी होंगे. कुछ कॉलेजों की ओर से अबतक अंक उपलब्ध नहीं कराया गया है. बता दें कि पूर्व में भी कई कॉलेजों ने प्रायोगिक परीक्षा का अंक नहीं भेजा था. विवि की ओर से कई बार रिमाइंडर भेजे जाने पर भी जब कॉलेजों ने नहीं सुना तो उन्हें छोड़कर शेष का परिणाम जारी कर दिया गया था. इस कारण उन कॉलेजों के विद्यार्थियों का परिणाम पोर्टल पर नहीं दिख रहा था. अब भी छात्र संवाद में समस्याओं को लेकर संबंधित कॉलेजों के विद्यार्थी पहुंच रहे हैं.

### कॉपियों की स्कैनिंग व परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया हुई शुरू

## विवि ने पैट 23 व 24 के लिए 25 विषयों के कोर्स किये जारी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- विश्वविद्यालय के पोर्टल पर कोर्स देख सकेंगे अभ्यर्थी

बीआरएबीयू ने पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट- 23 व 24) के लिए 25 विषयों का कोर्स जारी किया गया है.अभ्यर्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर इसे देख सकेंगे. अभ्यर्थी कोर्स के अनुसार तैयारी कर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं.

दोनों सत्रों के लिए विवि की ओर से एक साथ ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है.12 जून तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं. हालांकि, सीटों की स्थिति विवि की ओर से अबतक स्पष्ट नहीं की गयी है. जबकि कहा गया था कि जिन विषयों में सीटें होंगी उसी के लिए पीएचडी एडमिशन टेस्ट होगा. ऐसे में जिन विषयों में पिछले वर्ष सीट कम था. उसके अभ्यर्थी ऊहापोह में हैं कि यदि सीट नहीं हुआ तो संबंधित विषय के लिए पैट होगा ही नहीं. ऐसे में आवेदन का शुल्क भी बेकार हो जाएगा. विवि ने मैथिली, जूलॉजी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, गणित, प्रबंधन, भोजपुरी, बॉटनी, रसायन विज्ञान, हिंदी, वाणिज्य, इलेक्ट्रॉनिक्स, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, शिक्षा, भूगोल, संगीत, इतिहास, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, भौतिकी, समाजशास्त्र, फारसी, संस्कृत, मनोविज्ञान के लिए कोर्स जारी किया गया है.